AC-232684

M.A. (Semester-III) Examination, Dec.-Jan. (2025-26)

HINDI

(Hindi Nibandh Evam Anya Gadhya Vidhayein)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 70

निर्देशः प्रश्न-पत्र **तीन** खण्डों में विभक्त है। **सभी तीन** खण्डों के प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए। अंकों का विभाजन प्रत्येक खण्ड में दिया गया है।

खण्ड-अ

(लघुउत्तरीय प्रश्न)

निर्देश- निम्नलिखित में से किन्हीं दो लघूत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए :(शब्द सीमा 100 शब्द) [2×5=10]

Scanned with OKEN Scanner

1. (i) 'अशोक के फूल' निबन्ध की भाषा-शैली पर प्रकाश डालिए।

(ii) संस्मरण और रेखाचित्र की विशेषता बताते हुए, अंतर स्पष्ट कीजिए।

(iii) जीवनी और आत्मकथा में अंतर स्पष्ट करते हुए, इनकी प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

खण्ड-ब

निर्देश- प्रस्तुत प्रश्न के **दो भाग** हैं, दोनों के समक्ष निर्देश दिए गए हैं।

2. (क) निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** (02) गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या प्रस्तुत कीजिए। यह अनिवार्य है।(शब्द सीमा-**250** शब्द) [2×4.5=9]

(i) जिस प्रकार आत्मा की मुक्तावस्था ज्ञानदशा कहलाती है, उसी प्रकार हृदय की यह मुक्तावस्था रसदशा कहलाती है। हृदय की इसी मुक्ति की साधना के लिए मनुष्य की वाणी जो शब्द-विधान करती आई है, उसे कविता कहते हैं। इस साधना को हम भावयोग कहते हैं और कर्मयोग एवं ज्ञानयोग का समकक्ष मानते हैं।

(ii) अशोक शायद अन्तिम अस्त्र था। बौद्ध धर्म को इस नये अस्त्र में उन्होंने घायल कर दिया; शैव मार्ग को अभिभूत कर दिया और शस्त्र साधना को झुका दिया। वज्रयान इसका सबूत है, कौल साधना इसका प्रमाण है और कापालिक मत इसका गवाह है।

(iii) क्षुद्र मानव को कभी-कभी देवताओं का समकक्षी हो सकने का सौभाग्य प्राप्त है, लेकिन वह सौभाग्य अधिक देर तक बना नहीं रह सकता। सृजन के क्षण चिरस्थायी नहीं होते, वे आकर उड़ जाते हैं। सम्भव है ईश्वर भी अपने रचना-क्षेत्र में ऐसे उत्कर्ष के अवसर पाता हो, उन्हीं में सृष्टि करता हो और बाकी में केवल मात्र 'निर्माण'।

(ख) निम्नलिखित मध्यम आकार के प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए : (शब्द सीमा -**250** शब्द) [1×9=9]

(i) 'सच्ची वीरता' निबन्ध की समीक्षा कीजिए।

(ii) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का जीवन परिचय प्रस्तुत कीजिए।

खण्ड-स

(दीर्घोत्तरीय प्रश्न)

निर्देश- निम्नलिखित दीर्घोत्तरी प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (शब्द सीमा : **700** शब्द) [3×14=42]

3. (i) 'कविता क्या है' निबन्ध के आधार पर आचार्य रामचन्द्र शुक्ल की निबन्ध शैली पर प्रकाश डालिए।

Scanned with OKEN Scanner

(ii) निबन्ध की परिभाषा देते हुए, निबन्ध के उद्भव एवं विकास पर प्रकाश डालिए।

(iii) पठित निबन्ध के आधार पर आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी की निबन्ध शैली को स्पष्ट कीजिए।

(iv) हिन्दी गद्य के उद्भव एवं विकास पर प्रकाश डालते हुए, इसकी प्रमुख विधाओं का परिचय दीजिए।

(v) रेखाचित्र की विशेषता बताते हुए, महादेवी वर्मा के रेखाचित्रों की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

----x----

Scanned with OKEN Scanner